## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

### जनसंपर्क कार्यालय

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

### टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत यूजीसी चेतना सीरीज का आयोजन
### टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुआ व्याख्यान

**वर्धा, 25 अगस्त 2026:** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 'टीबी मुक्त भारत अभियान' तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की 'चेतना सीरीज' के अंतर्गत मंगलवार 25 अगस्त को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के ग़ालिब सभागार में विशेष ऑनलाइन व्याख्यान का सामूहिक प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का विषय 'टीबी मुक्त भारत अभियान : टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता पैदा करना' था। ऑनलाइन सत्र में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सचिव प्रो. श्यामा रथ तथा केंद्रीय टीबी संभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की उप महानिदेशक डॉ. शोबिनी राजन ने टीबी की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार तथा जन-जागरूकता के महत्त्व पर जानकारी दी।




वक्ताओं ने टीबी के प्रति व्याप्त भ्रांतियों एवं सामाजिक कलंक को दूर करने तथा टीबी रोगियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। साथ ही विद्यार्थियों एवं युवाओं से अपने परिवार और समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय समुदाय को 'टीबी मुक्त भारत' के राष्ट्रीय संकल्प में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जयंत उपाध्याय, हिंदी साहित्य विभाग के डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति विभाग के डॉ. रणंजय कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे सहित कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। सभी ने टीबी मुक्त भारत की शपथ लेकर ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्राप्त किये।

### टीबीमुक्त भारत अभियानांतर्गत यूजीसी चेतना मालिकेचे आयोजन
### टीबीमुक्त भारत अभियानांतर्गत विशेष व्याख्यान

**वर्धा, 25 ऑगस्ट 2026 :** भारत सरकारच्या आरोग्य आणि कुटुंब कल्याण मंत्रालयाच्या 'टीबीमुक्त भारत अभियान' तसेच विश्वविद्यालय अनुदान आयोगाच्या चेतना मालिका अंतर्गत मंगळवार, 25 ऑगस्ट रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या गालिब सभागृहात विशेष ऑनलाइन व्याख्यानाचे सामूहिक प्रसारण करण्यात आले. या कार्यक्रमात विश्वविद्यालयातील शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी आणि कर्मचारी मोठ्या संख्येने सहभागी झाले.

कार्यक्रमाचा विषय 'टीबीमुक्त भारत अभियान : टीबीमुक्त भारतासाठी जनजागृती निर्माण करणे' हा होता. ऑनलाइन सत्रात विश्वविद्यालय अनुदान आयोगाच्या सचिव प्रो. श्यामा रथ तसेच आरोग्य आणि कुटुंब कल्याण मंत्रालयाच्या केंद्रीय टीबी विभागाच्या उपमहासंचालक डॉ. शोबिनी राजन यांनी टीबीचा प्रतिबंध, वेळेवर तपासणी, उपचार तसेच जनजागृतीचे महत्त्व याबाबत माहिती दिली. वक्त्यांनी टीबीबाबत समाजात असलेल्या गैरसमजुती आणि सामाजिक कलंक दूर करण्यावर तसेच टीबीग्रस्त रुग्णांप्रती

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

संवेदनशील दृष्टिकोन स्वीकारण्यावर भर दिला. विद्यार्थ्यांनी आणि युवकांनी आपल्या कुटुंबात तसेच समाजात टीबीविषयी जनजागृती करण्याचे आवाहनही करण्यात आले.

या कार्यक्रमाच्या माध्यमातून विश्वविद्यालय समुदायाला 'टीबीमुक्त भारत' या राष्ट्रीय संकल्पात सक्रिय सहभाग घेण्यासाठी प्रेरित करण्यात आले. सहभागी विद्यार्थ्यांनी आणि उपस्थितांनी टीबीविषयी जनजागृती वाढविण्यास तसेच निरोगी समाजाच्या निर्मितीसाठी योगदान देण्याची प्रतिबद्धता व्यक्त केली.

यावेळी टीबी मुक्त भारत अभियाना चे नोडल अधिकारी डॉ. जयंत उपाध्याय, हिंदी साहित्य विभागाचे डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, दर्शनशास्त्र व संस्कृति विभागाचे डॉ. रणंजय कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांच्यासह कर्मचारी, शोधार्थी आणि विद्यार्थी उपस्थित होते. सर्वांनी टीबीमुक्त भारताची शपथ घेतली तसेच ऑनलाइन प्रमाणपत्रही प्राप्त केले.